झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001
प्रेस विज्ञप्ति

प्रथम उपसमाहर्त्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा–2006 से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रथम उपसमाहर्त्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा–2006 पुनः आयोजित किया जाना है जिसमें वैसे ही अभ्यर्थियों को शामिल किया जाना है जिन्हें पूर्व में प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था।

पूर्व प्रेषित आवेदन के आधार पर आयोग ने डाटाबेस तैयार किया है जिसके क्रम में पाया गया कि 1316 उम्मीदवारों के आवेदन पत्र अस्पष्ट हैं। अतः ऐसे उम्मीदवारों से आग्रह है कि आयोग के Website पर उपलब्ध आवेदन प्रपत्र के अनुसार अपना आवेदन सभी अनुलग्नकों के साथ नियंत्री पदाधिकारी से अग्रसारित कराकर आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। ऐसे आवेदकों को पुनः परीक्षा शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

1. आयोग द्वारा पूर्व आयोजित परीक्षा 2006 के लिए परीक्षा केन्द्रवार मूल उपस्थिति पत्रक (Attendance Sheet) आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**23.10.2015** से उपलब्ध रहेगा। इस उपस्थिति पत्रक से उम्मीदवार अपना रौल नं0 की पहचान अपने छायाचित्र एवं हस्ताक्षर से कर सकते हैं।
2. वैसे अभ्यर्थी जिनके मूल आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में उपलब्ध हैं उनके डाटावेस तैयार कर लिए गए हैं। ऐसे उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**23.10.2015** से उपलब्ध रहेंगे। अभ्यर्थी इस सूची से संतुष्ट हो सकते हैं कि उनके आवेदन पत्र आयोग में सही रूप में उपलब्ध हैं अतः उन्हें पुनः आवेदन पत्र देने की आवश्यकता नहीं है।
3. वैसे अभ्यर्थी जिनके आवेदन पत्र आयोग में अनुपलब्ध हैं, उनके रौल नं0 एवं नामों की सूची आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**23.10.2015** से उपलब्ध रहेंगे। इस सूची से सन्तुष्ट होकर तथा परीक्षा केन्द्रवार उपस्थिति पत्रक (Attendance Sheet) से पहचान कर ही अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में अनुलग्नक के साथ आवेदन पत्र दिनांक–**30.11.2015** तक कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ/Speed Post/निबंधित डाक द्वारा **"सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001"** के पते पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। लिफाफे के ऊपर **"प्रथम उपसमाहर्त्ता सीमित परीक्षा"** अनिवार्य रूप से स्पष्ट एवं मोटे अक्षरों में अंकित करना आवश्यक है।
4. आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**23.10.2015** से उपलब्ध रहेगा। निर्धारित तिथि–**30.11.2015** के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची